# सीना फाड़ दिखा डाला | By Rajendra Jain |

तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला
एक ज़रा सी बात में तूने
सीना फाड़ दिखा डाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

आज अयोध्या की शोभा लागे
तीन लोक से भी न्यारी
चौदह बरसों बाद हुई है
राजतिलक की तैयारी
हनुमत के दिल की मत पूछो
झूम रहा है मतवाला
तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

जितने भूप अधीन अवध के
सब ही सभा में आए हैं
सब ही भूप अपनी शक्ति से
बढ़कर तोहफ़े लाए हैं
लंकेश विभीषण ने भी
भेंट में एक मोतिमाला
एक ज़रा सी बात में तूने
सीना फाड़ दिखा डाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

रत्न जड़ित मोतिमाला
जब लंकापति ने नज़र करी
राम ने सोचा आभूषण है
सीता जी की ओर धरी
सीता ने हनुमत को दीन्ही
इसे पहन मेरे लाला
तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

हार हाथ में लेकर हनुमत
घुमा-फिरा कर देख रहे
और नहीं समझ में कुछ आया तो
तोड़-तोड़ कर फेंक रहे

लंकापति मन ही मन सोचे
पड़ा है बन्दर से पाला
तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

लंकापति का धीरज छूटा
क्रोध की भड़क उठी ज्वाला
भरी सभा में बोल उठा
क्या पागल है अंजनी लाला
हार कीमती तोड़ दिया
ज्यूँ वृक्ष की हो कोई डाला
तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

हाथ जोड़कर हनुमत बोले
मुझे है कीमत से क्या काम
मेरे काम की चीज वही है
जिसमें बसते सीताराम
राम नज़र नहीं आया इसमें
यूं बोला बजरंगबाला
तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

इतनी बात सुनी हनुमत की
बोल उठा लंका वाला
तेरे में क्या राम बसे हैं
बोल बोल बजरंगबाला
चीड़ के सीना हनुमत ने
तब राम दरस करवा डाला
तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

हनुमत के दिल में जब देखी
राम सिया की वो सूरत
लंका के राजा की तब तो
देखने लायक थी सूरत
भरी सभा यूं बोल उठी
जय हो जय हो अंजनी लाला
तेरे जैसा राम भक्त

कोई हुआ न होगा मतवाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

राम लगन देखी हनुमत की
सभी देवता हर्षाए
भक्तों के तुम इष्टदेव प्रभु
भक्तशिरोमणि कहलाए
पुष्प की वर्षा करने आए
ब्रह्मा विष्णु डमरूवाला
एक ज़रा सी बात में तूने
सीना फाड़ दिखा डाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

तेरे जैसा राम भक्त
कोई हुआ न होगा मतवाला
एक ज़रा सी बात में तूने
सीना फाड़ दिखा डाला

जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान
जय हनुमान जय जय हनुमान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%be-%e0%a4%a1%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-rajendra-jain/